तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025



12 तीर्थ यात्रियों ने प्रदेश सरकार की व्यवस्थाओं को सराहा



11 स्थापना दिवस पर शुरू होगा जिला भाजपा सेवा...



# वर्षों बाद बलौदाबाजार जिले को मिली रेल लाइन की सौगात

**रेल लाइन बिछाने में 8 हजार 741 करोड़ का खर्च आयेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिलावासियों की बहुप्रतिक्षित खरसीयां-नया रायपुर परमालकसा नई रेल्वे लाइन परियोजना के शीघ्र प्रारंभ होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। दो मार्च को केन्द्र सरकार की संपन्न हुई केबिनेट बैठक में इसे मंजूरी मिल जाने की जानकारी रेल मंत्रालय द्वारा देते हुए बताया गया है कि बिलासपुर, रायपुर, भिलाई को बायपास करते हुए बिछाई जाने वाली इस नई रेल्वे लाइन के बाद हावड़ा मुंबई रेल मार्ग पर पड़ रहे दबाव से मुक्ति मिलेगी।

प्रदत्त जानकारी के अनुसार 270 किमी लंबी नई रेल लाइन के निर्माण कार्य के दौरान 48 ब्रिज, 349 छोटे ब्रिज,14 प्लाई ओव्हर, 5 रेल प्लाई ओव्हर तथा 184 अंडर ब्रिज बनाने के साथ रेल लाइन बिछाने में 8 हजार 741 करोड़ रूपये का खर्च आयेगा। वहीं इस परियोजना के पूर्ण होने से 8 नई यात्री रेलगाडियां शुरू होने से रायगढ़, सक्ति, जांजगीर चांपा, बलौदाबाजार तथा रायपुर जिलावासियों को इस मार्ग पर बने 21 रेलवे स्टेशन से आवगमन की सुविधा का लाभ मिलेगा। इसके अलावा माल ढुलाई के दौरान दूरी में कमी आने से डीजल की खपत में कमी आने से कार्बनडायक्साईड उत्सर्जन कम होने से पर्यावरण को लाभ मिलेगा।




**जिलावासियों में हर्ष व्याप्त**

खरसिया, बलौदाबाजार, नया रायपुर, परमालकसा रेलवे लाइन को केन्द्र सरकार की मंजूरी मिलने की खबर लगते ही जिलावासियों में हर्ष व्याप्त है तथा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं प्रदेश के राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

### यातायात का दबाव कम होगा

इस नई रेल लाइन परियोजना के साकार रूप लेने के बाद बलौदाबाजार जिला में सड़क यातायात पर भारी माल वाहकों का दबाव कम होने से सड़कें खराब होने से बचने के साथ सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। वहीं अभी तक रेल सुविधा से वंचित जिला का एक बडे भू–भाग के निवासियों की यात्रा के लिए सड़क मार्ग पर निर्भरता समाप्त होने के साथ रेल यात्रा की सुविधा मिलने लगेगी।

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

# शिक्षक संघ ने की शिक्षकों की मांग, डीईओ को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई रायपुर के प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर से विभिन्न शिक्षक एवं शैक्षिक संबंधी समस्या का निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा गया। इसमें प्रमुख बिंदु आठवीं, पांचवी का मूल्यांकन कार्य 5 अप्रैल से आरंभ करने संबंधी आदेश किया गया है। अष्टमी और रामनवमी पर्व को देखते हुए मूल्यांकन का कार्य 7 अप्रैल से आरंभ किए जाने हेतु आदेश में संशोधन करने की मांग की गई है। अन्य मांगों में सेवानिवृत शिक्षकों के पेंशन प्रकरण समय सीमा में निराकरण करने, सत्रंत तक पुननियुक्त में सेवा दे रहे शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान, सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता की सेवपुस्तिका नियमित अद्यतन करने संबंधी ज्ञापन सहायक संचालक अशोक वर्मा एवं केएस पटले को जिला शिक्षा अधिकारी के नाम सौंपा गया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा कर समस्याओं के निराकरण की बात कही। जिला स्तरीय भेंट वार्ता में प्रमुख रूप से मनीष देवांगन जिला अध्यक्ष, संगठन मंत्री सुनील नायक, संभागीय सचिव ओंकार वर्मा, संभागीय कोषाध्यक्ष गोविंद सोनी, जिला कोषाध्यक्ष मोहित वर्मा, जिला ▶▶ शेष पेज 11 पर

- ज्ञापन में पांचवी–आठवीं का मूल्यांकन कार्य 7 अप्रैल से प्रारंभ कराने की अपील की

# शराब दुकान का मैनेजर गिरफ्तार कमिशन पर कराता था मदिरा बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नाबालिग को शराब बेचने उसके घर पहुंचाकर शराब देने के अपराध में जेजे एक्ट के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब दुकान के मैनेजर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पूर्व में भी आबकारी एक्ट के मामलों में अवैध शराब बिक्री प्रकरण में गिरफ्तार हो चुका है।

थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार ने धारा 34(02) आबकारी एक्ट के प्रकरण में अपचारी बालक को गिरफ्तार कर बालक कल्याण समिति के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। इसमें परामर्श एवं चर्चा के दौरान बालक द्वारा बताया गया कि आरोपी रोहन टंडन नामक व्यक्ति द्वारा उसके घर में 29 मार्च को विक्रय करने शराब छोड़कर गया था। इसमें से प्रत्येक पौवा विक्रय करने हेतु 20 के हिसाब से मेहनताना मिलता था। आरोपी शराब दुकान रवान में मैनेजर के रूप में कार्यरत है। जिस पर थाना सिटी कोतवाली में ▶▶ शेष पेज 11 पर

# हाथियों की दस्तक से गोंड़ गुफा जाने का मार्ग बदला

**पलारी**। इस वर्ष भी जय सिंघा धुर्वा सेवा समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि में गोंडवाना के ऐतिहासिक गढ़ किला जय चांदा दाई प्राचीन गोंड़ गुफा में परम्परागत रुप से गोंडी रीती नीति संस्कृति आधारित पूजा अर्चना कर मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई हैं। 30 मार्च से नवरात्रि का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं




भीड़ गुफा में शक्ति दर्शन के लिए अन्य राज्य से भी पहुंच रहे हैं। इस वर्ष भी हाथी विचरण क्षेत्र होने के कारण बोरिद ▶▶ शेष पेज 11 पर

## रामनवमी पर शहर में निकाली जायेगी शोभायात्रा

**भाटापारा**। सनातनी धर्मसेना व समस्त सनातनियों ने 6 अप्रैल को रामनवमी पर्व मनाने को लेकर शुक्रवार को प्रभु राम के जयकारे के साथ बैठक शुरू की। सभी राम भक्त बैठक में उपस्थित हुए। सभी ने आयोजन को भाव एवं सुंदर बनाने अपने सुझाव दिए और सभी ने एक स्वर में शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की। शोभायात्रा सति मंदिर से जयस्तंभ चौक पहुंचेगी जहां महा आरती एवं आतिशबाजी की जाएगी। शोभायात्रा में पुरुष वर्ग के लिए व्हाइट कुर्ता, पजामा, भगवा गमछा एवं महिलाओं के लिए लाल, पीली साड़ी या सलवारशूट पहन कर आने की अपील की। शोभायात्रा महासती मंदिर से 3 बजे प्रारंभ होकर महारानी चौक पर समाप्त होगी। विदित हो कि रामनवमी पर महारानी चौक में संयुक्त हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन भी रखा गया है।



# अब लोक सुराज अभियान, तीन चरणों में होगा जनता की समस्याओं का समाधान

## 8 अप्रैल से 11 तक लिए जाएंगे आवेदन, समाधान शिविर भी, अभियान की समीक्षा भी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार अब प्रदेश में लोक सुराज अभियान शुरू करने जा रही है। लोक सुराज अभियान 2025 तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे।

दूसरे चरण में लगभग एक माह आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरा चरण समाधान शिविरों का होगा, जिसकी अवधि 5 मई से 31 मई 2025 निर्धारित की गई है। इस अभियान के संबंध में श्री साय ने राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर अभियान संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

### आवेदन प्राप्ति से समाधान तक

अभियान के तहत सबसे पहला काम आवेदन प्राप्ति का होगा। आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में आवेदन, 07 अप्रैल से 10 अप्रैल 2025 अर्थात 04 दिनों तक, पंचायत मुख्यालयों व स्थानीय निकायों के कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक, प्राप्त किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति स्थलों पर रखी जाने वाली पेटी को 'समाधान पेटी' का नाम दिया जाएगा। जिला तथा विकासखण्ड मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में भी आवेदन प्राप्त करने के लिए 'समाधान पेटी' की व्यवस्था की जाएगी, ताकि जनता बेहिचक और बेझिझक अपने मन की बात लिखकर दे सकें। आवश्यकतानुसार हाट बाजारों में भी आवेदन लेने की व्यवस्था की जा सकती है। सॉफ्टवेयर में इन आवेदनों का पंजीयन कर उन्हें अपलोड किया जाएगा। आवेदन ऑनलाइन भी प्राप्त किए जाएंगे। प्रत्येक आवेदन की पावती दी जाएगी। आवेदन पत्र का प्रारूप राज्य स्तर से निर्धारित किया जाएगा।

खास खबर



### समाधान शिविर भी लगेंगे

अभियान के तहत समाधान शिविर का आयोजन 05 मई से 31 मई के मध्य प्रत्येक 10 से 15 पंचायतों के मध्य एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदकों को दी जाएगी। इसी प्रकार नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के कार्यक्रम की जानकारी की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में की जाए और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

### आवेदन लिखने में भी मिलेगी मदद

अभियान के तहत आवेदन लिखने में जनता की मदद करने के लिए आवश्यकतानुसार कलेक्टरों द्वारा अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाएगी। आवेदन लेने वाले कर्मचारी चार दिन पंचायत भवन, नगरीय निकाय के कार्यालय में बैठकर आवेदन प्राप्त करेंगे। साफ्टवेयर में इस ड्यूटी कार्यक्रम की प्रविष्टि की जाएगी। इन तारीखों का प्रचार-प्रसार किया जाए, वॉल राइटिंग भी की जाएगी।

### ऐसे होगा आवेदनों का निपटारा

आवेदनों का निराकरण प्राप्त आवेदनों को स्केन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाए तथा इन आवेदनों को निराकरण हेतु संबंधित जिला,जनपद, नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजा जाएगा। संबंधित विभाग या अधिकारी इन आवेदनों में दर्ज शिकायतों -समस्याओं का निराकरण एक माह की अवधि में करेंगे। मांग से संबंधित आवेदनों का निराकरण बजट की उपलब्धता अनुसार किया जाए। इन आवेदनों तथा आवेदन के निराकरण की गुणवत्ता का विश्लेषण राज्य व जिला स्तर पर किया जाएगा।

### सीएम, मंत्री, अफसर होंगे शामिल

इन शिविरों में सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के लिए आवेदन पत्र-प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। हर शिविर के लिए एक खंडस्तरीय अधिकारी को प्रभारी अधिकारी बनाया जाए, ताकि वह उचित समन्वय से शिविरों की सार्थकता सुनिश्चित करें। शिविरों में विकासखण्ड स्तर, सब-डिवीजन स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिला स्तर से भी कुछ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों में भी की जाए। मैं स्वयं मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन के अधिकारी भी कुछ शिविरों में भाग लेंगे तथा कुछ आवेदकों से भेंट कर उनकी समस्याओं व निराकरण के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

### समीक्षा बैठक और प्रेस कांफ्रेंस भी

समाधान शिविर के बाद दोपहर में जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी, जिसमें समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण तथा विभिन्न योजनाओं तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। राज्य स्तर से बिन्दुवार समीक्षा-पत्रक उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रेस कॉन्फरेंस तथा अन्य कार्यक्रम समीक्षा बैठक के बाद या अन्य उपयुक्त समय पर मुख्यमंत्री प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करेंगे एवं विभिन्न संगठनों तथा लोगों से भेंट करेंगे।

---

### खबर संक्षेप



#### भाजपा के स्थापना दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

रायपुर। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने बताया, भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्थापना दिवस और भारतरत्न डॉ. बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर जयंती पर 6 से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन करने जा रही है। पार्टी स्थापना दिवस के मौके पर 6 और 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथों, कार्यालयों, अपने-अपने घरों और कार्यकर्ताओं के घरों पर भाजपा का झण्डा फहराया जाएगा। श्रीमती वर्मा ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया 8-9 अप्रैल को सभी मंडल, विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मलेन होगा। 10-11- अप्रैल को ग्राम, बस्ती, बूथों पर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी और उन पर विस्तार से चर्चा भी की जाएगी। श्रीमती वर्मा ने बताया, डॉ. बाबा साहब की जयंती से एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 14 अप्रैल को सभी जिला और मंडल मुख्यालय पर माल्यार्पण कर उनके जीवन-वृत्त प्रकाश डाला जाएगा और संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा जाएगा।

#### विश्वरंजन ने सुनी युवा इंफ्लूएंसर्स की समस्याएं



रायपुर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार विश्वरंजन ने गुरुवार को जनपद पंचायत तिल्दा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद कार्यालय का जायजा लिया और उसके बाद पंचायत भवन एवं यूट्यूब स्टूडियो जाकर युवा इन्फ्लूएंसर्स से मुलाकात की। इस दौरान इन्फ्लूएंसर्स ने जिला पंचायत सीईओ को अपनी समस्याएं भी बताई। विश्वरंजन ने ग्राम पंचायत ताराशिव में कार्यरत महिलाओं से संवाद कर उनके कार्य के विषय में चर्चा की। उन्होंने पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

भाजपा के प्रदेश संगठन में होगा अब बड़ा बदलाव

# डेढ़ दर्जन से ज्यादा पदाधिकारियों को निगम, मंडल में पद, प्रदेश संगठन में अब आएंगे नए चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन के डेढ़ दर्जन से ज्यादा पदाधिकारियों को प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल में पद दे दिए हैं। ऐसे में अब प्रदेश भाजपा संगठन में बड़ा बदलाव होगा। यह तो पहले से ही तय था कि प्रदेश संगठन के नेताओं को निगम, मंडल, आयोग में पदों से नवाजा जाएगा और प्रदेश सरकार ने ऐसा किया भी है। प्रदेश संगठन के एक महामंत्री, एक उपाध्यक्ष, तीन संभाग प्रभारी, दो मोर्चा के अध्यक्ष, चार प्रदेश प्रवक्ता और 9 कार्यसमिति के सदस्यों को निगम, मंडल में पद दिए गए हैं। अब जिनको निगम, मंडल और आयोग में पद नहीं मिल सके हैं, उनको प्रदेश संगठन में मौका दिया जाएगा।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद लंबे समय से निगम, मंडल और आयोग में नियुक्ति का इंतजार था। बीते साल से इसमें नियुक्ति करने का क्रम प्रारंभ किया गया, लेकिन बड़े निगम, मंडल में नियुक्ति नहीं हो रही थी। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण इसको टाला गया और इन चुनावों के होने के बाद अंततः इसका ऐलान कर दिया गया। राष्ट्रीय संगठन ने विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में अच्छा काम करने वालों को पद देकर सम्मानित करने का काम किया है।



### इन पदाधिकारियों को मिला मौका

निगम, मंडल, आयोग में प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों को लिए जाने की पहले से ही संभावना था। प्रदेश सरकार ने जो 36 नामों की सूची जारी की है। उसमें प्रदेश संगठन के 20 पदाधिकारी शामिल हैं। इसमें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और दुर्ग संभाग के प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, चार प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, नीलू शर्मा, केदारनाथ गुप्ता, दीपक म्हसके, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, तीन संभाग प्रभारी रायपुर के सौरभ सिंह, सरगुजा के राजा पांडेय, बिलासपुर के अनुराग सिंहदेव, प्रदेश कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्य और पुराने दिग्गज नेता रामप्रताप सिंह, रामसेवक पैकरा, राजीव अग्रवाल, श्रीनिवास मद्दी, लोकेश कावड़िया, चंद्रकांति वर्मा, भरत मटियारा, प्रहलाद रजक, राकेश पांडेय शामिल हैं।

### प्रदेश कार्यकारिणी में आएंगे नए चेहरे

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की कार्यकारिणी को लेकर अब इस माह से कवायद प्रारंभ होने वाली है। पुरानी कार्यकारिणी के 22 पदाधिकारियों को नया जिम्मा मिल गया है। जहां 20 पदाधिकारी निगम, मंडल में गए हैं, वहीं दो पदाधिकारी प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा और उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव महापौर बन गए हैं। अब इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका मिलेगा।

### निगम, मंडल में सबसे ज्यादा 15 ओबीसी को स्थान, चार आदिवासी नेताओं को मौका, एससी से कोई नहीं

रायपुर। प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग की जो 36 नामों की सूची जारी की है, उसमें सबसे ज्यादा 15 नेता ओबीसी वर्ग के हैं। इसके अलावा चार आदिवासी नेताओं को भी मौका दिया गया है। अल्पसंख्यक वर्ग से भी तीन नेता रखे गए हैं। बाकी नेता सामान्य वर्ग के हैं। एससी वर्ग से किसी भी नेता को मौका नहीं दिया गया है। सबसे ज्यादा रायपुर संभाग के 14 नेताओं को मौका मिला है। प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग की सूची जारी करते हुए जातिगत समीकरण को भी ध्यान में रखा है। प्रदेश में सबसे ज्यादा ओबीसी की आबादी है। ऐसे में ओबीसी पर बड़ा फोकस किया गया है। ओबीसी वर्ग के 14 नेताओं को पदों से नवाजा गया है। इसके बाद सामान्य वर्ग का नंबर है। सामान्य वर्ग के 14 नेताओं को मौका दिया गया है।

#### पूर्व विधायक और सांसद को भी मौका

निगम, मंडल की सूची में इस बार ज्यादातर नए चेहरों को मौका दिया गया है। इस बार एक भी वर्तमान विधायक को मौका नहीं दिया गया है। पूर्व विधायकों में नंद कुमार साहू, सौरभ सिंह और रामसेवक पैकरा को मौका मिला है। एक पूर्व सांसद चंदूलाल साहू को मौका दिया गया है।

#### आधा दर्जन से ज्यादा को फिर मौका

कुछ नेताओं को फिर से मौका मिला है। इसमें भूपेंद्र सवन्नी पहले गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष रह चुके हैं। संजय श्रीवास्तव आरडीए के अध्यक्ष रहे हैं। केदारनाथ गुप्ता पर्यटन मंडल, श्रीनिवास मद्दी वन विकास निगम, रामप्रताप सिंह औषधि बोर्ड, लोकेश कावड़िया बाल कल्याण परिषद, मोना सेन राज्य केश शिल्पी बोर्ड, नीलू शर्मा, शंशाक शर्मा भी पहले पदों में रह चुके हैं।

#### एससी वर्ग से कोई नहीं

निगम, मंडल, आयोग में की इस पहली सूची में एससी वर्ग के किसी भी नेता को मौका नहीं दिया गया है। बताते हैं अभी कुछ और नियुक्तियां बाकी हैं, उसमें एससी वर्ग को मौका दिया जा सकता है। इसी के साथ और भी कुछ ऐसे नेता हैं जिनकी दावेदारी सामने आई थी, उसको भी दूसरी सूची में मौका मिल सकता है।

---

## उठाव व मिलिंग में सुस्ती केंद्रीय पूल में चावल जमा करने में हो रही देर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर 149.24 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। सरकार द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, खरीदे गए धान से तैयार चावल को केंद्र और राज्य पूल में आपूर्ति करने के बाद 40 लाख मीट्रिक टन धान अधिशेष रह जाएगा। वर्ष 2024-25 में केंद्रीय पूल में 69.72 लाख मीट्रिक टन चावल जमा करने का लक्ष्य है। उठाव व मिलिंग में सुस्ती के कारण अभी राज्य सरकार के द्वारा मिलिंग के बाद केंद्रीय पूल में चावल जमा करना शुरू नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ में 2024-25 में किसानों से एमएसपी पर रिकॉर्ड 14,09,24,710 टन धान खरीदा गया है। केंद्र के खाद्य विभाग ने सेंट्रल पूल में 70 लाख मीट्रिक धान चावल खरीदने की अनुमति दी है, जिसमें से 54 लाख मीट्रिक टन भारतीय खाद्य निगम में और 16 लाख मीट्रिक टन नागरिक आपूर्ति निगम में उपार्जित किया जाना है। राज्य पूल के तहत नागरिक आपूर्ति निगम में 13.34 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदा जाएगा। अभी मिलिंग किए गए चावल केंद्रीय पुल में जमा नहीं किए गए है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा खरीदे गए चावल को रेलवे की मालगाड़ियों के माध्यम से लगातार दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। बताया जाता है कि मिलिंग में तेजी लाने के साथ ही केंद्रीय पुल में चावल जमा करने में तेजी आएगी।

### कोटा बढ़ाने केंद्र नहीं हुआ सहमत

राज्य सरकार ने धान खरीदी के बाद केंद्र सरकार को पत्र लिखा कि सेंट्रल पुल में राज्य का चावल का कोटा बढ़ाया जाए। केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय खाद्य मंत्रालय के ओर से इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया है। राज्य सरकार के पा अब अतिरिक्त 40 लाख मीट्रिक टन चावल का खुले बाजार में बिक्री का निर्णय लिया गया है। खाद्य विभाग इसके लिए जल्द ही टेंडर जारी करेगी।

---

# जिला अध्यक्षों से कहा गया- दिया जाएगा अधिकार, अपने कर्तव्यों का करें निर्वहन

## राहुल और खड़गे ने संगठन की मजबूती के लिए दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को संगठन को मजबूत करने के टिप्स पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिए। सभी अध्यक्षों से कहा गया कि वे अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। जिला अध्यक्षों से लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशी चयन पर राय ली जाएगी। उन्हें कहा गया कि जिला के साथ ब्लॉक और बूथ लेवल को मजबूत कर पार्टी को मजबूती प्रदान करें।

नई दिल्ली में गुरुवार को आयोजित जिला अध्यक्षों की बैठक में लगभग सभी अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी राजेश पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, वेणुगोपाल सहित अन्य नेता भी मौजूद थे। सभी जिला अध्यक्षों से उनसे पार्टी को मजबूत करने के संबंध में राय भी ली। अधिकतर जिला कांग्रेस की नई रणनीति के तहत आने वाले दिनों में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पॉवरफुल होंगे। कांग्रेस हाई कमान से जिला अध्यक्षों को विशेष अधिकार देने दिए जाने की पहल की जा रही है। उन्हें सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों में समन्वय स्थापित करने की भी जिम्मेदारी भी दी जा रही है।




### जिला अध्यक्षों का बढ़ा हौसलाः वर्मा

जिला अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र के ब्लॉक और मंडल स्थल तक की सारी जानकारी लेकर बुलाया गया था। बताया गया है कि कांग्रेस के गुजरात अधिवेशन में अध्यक्षों को और अधिकार दिए जाने का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने बताया कि दिल्ली की बैठक में शामिल होने के बाद प्रदेश के जिला अध्यक्षों की हौसला अफजाई हुई है।

---

# 13 मिलर जमा नहीं कर पाए करीब दो करोड़ का चावल, दो की बैंक गारंटी जब्त, 11 के बिल में किया गया समायोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में चार साल पहले 2021-22 में कस्टम मिलिंग का 7645.89 क्विंटल चावल 13 मिलर्स जमा नहीं कर पाए, इनमें दो मिलर्स ने सर्वाधिक 7530.20 क्विंटल तथा शेष 11 मिलरों ने 115.61 क्विंटल चावल जमा नहीं किए थे। इस तरह सभी मिलर्स ने लगभग दो करोड़ रुपए कीमत का चावल जमा नहीं किया। इन सभी मिलर्स को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित रायपुर द्वारा नोटिस जारी किया था। इसके बाद भी मिलर्स ने न ही चावल जमा कराया और न ही बदले में राशि जमा की। इस दौरान दो मिलर्स से राशि वसूली के लिए आरआरसी भी जारी किया। इसके बाद भी मिलर्स ने राशि जमा नहीं की, जिसके बाद दोनों की बैंक गारंटी राशि को जब्त किया गया है। वहीं शेष 11 मिलर्स ने बैंक गारंटी की जब्ती के डर से अपने-अपने बिलों में वसूली की राशि को समायोजन कराया है, जिसके बाद इन मिलरों को बिलों का भुगतान विभाग ने वसूली की राशि काटकर किया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान को कस्टम मिलिंग के लिए मिलरों द्वारा उठाव किया गया था। रायपुर जिले में उस समय करीब ढाई सौ मिलर्स थे। इन सभी मिलर्स ने अलग-अलग मात्रा में धान का उठाव किया था। उठाव के बाद सभी मिलरों को कस्टम मिलिंग के बाद चावल जमा करना था, लेकिन मिलर्स में 13 लोग निर्धारित समय-सीमा के समाप्त होने के बाद करीब दो साल तक बचा चावल जमा नहीं कर पाएं। इनमें दो मिलर्स ने एक करोड़ 88 लाख 25 हजार 7 सौ रुपए कीमत का चावल जमा नहीं किया। इनसे चावल की रिकवरी के लिए कई बार नोटिस भी जारी किया, लेकिन दोनों मिलर्स ने न ही चावल जमा किए और न ही बदले में राशि का भुगतान किया। विभाग ने इसके बाद दोनों मिलर्स के खिलाफ आरआरसी जारी किया। इसके बाद भी जब दोनों मिलर्स ने राशि का भुगतान नहीं किया, तो विभाग ने अब इनकी बैंक गारंटी राशि को जब्त किया है।

हरिभूमि सरोकार

### चावल जमा करने की तारीख बढ़ती रही इसलिए वसूली में देर

"चावल जमा करने के लिए मिलरों को कई बार समय दिया गया। इसके कारण वसूली में थोड़ी देर हुई है, लेकिन सभी मिलरों से जमा नहीं किए गए चावल के बदले राशि वसूल ली गई हैं। दो मिलर्स की बैंक गारंटी जब्त एवं 11 मिलर्स के बिलों में राशि समायोजन कर वसूली है।

\- जशवीर बघेल, डीएमओ, सहकारी विपणन संघ मर्यादित रायपुर

### 2500 प्रति क्विंटल की दर से वसूली

विभाग ने 11 मिलर्स से कुल 115.61 क्विंटल चावल के बदले 2 लाख 89 हजार 25 रुपए की वसूली उनके बिलों की राशि से की गई। विभाग ने यह राशि प्रति क्विंटल 2500 रुपए की दर से वसूल की गई।

---

कलेक्टर ने रैम्प और इज ऑफ डूईंग बिजनेस पर आयोजित संभाग स्तरीय कार्यशाला को किया संबोधित

# राज्य से बाहर भी हमारी नीति का प्रचार-प्रसार करें, व्यापार का ऐसा वातावरण बनाएं जिससे निवेश बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सिविल लाइन, रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाऊस के कन्वेन्शन हॉल में औद्योगिक विकास नीति 2024-30, रैम्प तथा इज ऑफ डूईंग बिजनेस पर गुरुवार को संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर गौरव सिंह ने इस दौरान उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के अलावा दूसरे राज्यों में भी हमारी नीति का प्रचार-प्रसार कर व्यापार का ऐसा वातावरण बनाएं, जिससे ज्यादा से ज्यादा निवेश बढ़े। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास नीति 2024-30 पर शासन की मंशा तथा उद्योगों को बढ़ावा देना है।

इसके लिए उन्होंने उद्योगपतियों को नवीन प्रावधानों पर अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हमारी औद्योगिक नीति काफी अच्छी है, इसमें कई ऐसे प्रावधान है जो उद्योगों को बढ़ावा देने में सहयोगी है। ऐसी नीतियों से प्रदेश में सकारात्मक माहौल निर्मित होगा और उद्योग व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।



### औद्योगिक विकास के लिए हर संभव सहयोग करेंगे

कलेक्टर ने कहा की प्रशासन और इंडस्ट्रीज सेक्टर मिलकर ऐसा कार्य करेंगे कि छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति तेजी से हो, युवाओं को रोजगार मिले और हमारे प्रदेश का नाम पूरे देश में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए प्रशासन स्तर पर उद्योपतियों को हर संभव सहयोग किया जाएगा। उद्योग विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में सीएसआईडीसी के कार्यपालक संचालक आलोक त्रिवेदी व उद्योग संचालनालय से संयुक्त संचालक शिव राठौर सहित रायपुर संभाग में स्थापित उद्योगों के प्रतिनिधि और सीए प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में केंद्र सरकार द्वारा एमएसएमई उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये जारी रैम्प स्कीम की विस्तृत जानकारी ईवाय की टीम द्वारा दी गई। साथ ही राज्य की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 पर विस्तृत परिचर्चा कर प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया। इसमें जिला व्यापार उद्योग केंद्र रायपुर के मुख्य महाप्रबंधक के साथ गरियाबंद, धमतरी और महासमुंद के महाप्रबंधक उपस्थित रहे।

### 5 वर्ष में 5 लाख नए औपचारिक क्षेत्रों में रोजगार का लक्ष्य

इस नीति के माध्यम से राज्य के युवाओं के लिए कौशलयुक्त रोजगारों का सृजन करते हुए अगले 5 वर्षों में 5 लाख नए औपचारिक क्षेत्रों में रोजगार का लक्ष्य रखा गया है। इस नीति में स्थानीय श्रमिकों को औपचारिक रोजगार में परिवर्तित करने के लिए प्रशिक्षण कर प्रोत्साहन का प्रावधान करते हुए एक हजार से अधिक रोजगार प्रदाय करने वाली इकाईयों को प्रोत्साहन के अतिरिक्त विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है।

### नई नीति में नक्सल प्रभावित व समर्पित नक्सली को भी प्रोत्साहन देने का प्रावधान

नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में सहभागिता के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला उद्यमियों, सेवानिवृत्त अग्निवीर, भूतपूर्व सैनिकों (जिनमें पैरा मिलेट्री फोर्स भी सम्मिलित है) के अलावा नक्सल प्रभावित, आत्म-समर्पित नक्सलियों एवं तृतीय लिंग के उद्यमों का अतिरिक्त प्रोत्साहन दिए जाने का प्रावधान किया है।

---

# 39 विशेषज्ञ चिकित्सक व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी के लिए पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में में 31 चिकित्सा अधिकारियों (संविदा) व 08 विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) की पदस्थापना की गई है। जिससे त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. रितु बघमार जिला अस्पताल बलौदा बाजार-भाटापारा, डॉ. गौरव दानी जिला अस्पताल बेमेतरा, डॉ अशफाक हुसैन जिला अस्पताल दंतेवाड़ा, डॉ संतराम चुरेन्द्र व डॉ. ऋचा वर्मा की जिला अस्पताल दुर्ग, डॉ संजय कुमार सिंह जिला अस्पताल जांजगीर चांपा, डॉ मिलिंद मनोहर देवधर, शहरी सामुदायिक केन्द्र रायपुर व डॉ शिवम जायसवाल की जिला अस्पताल सूरजपुर में पदस्थापना की गई है।

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** चाकू लहराकर लोगों को डराने का प्रयास कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि पतेरापाली रोड पिटियाझर नाला के पास एक व्यक्ति हाथ में चाकू रख कर लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को आतंकित कर रहा है। मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति से पूछताछ की गई, जिस पर उसने अपना नाम रामसागर ध्रुव पिता स्व. पुकलाल ध्रुव (31 साल) निवासी मुड़मार वार्ड नं 08 सामाजिक भवन के पास थाना व जिला महासमुंद बताया। आरोपी के कब्जे से एक चाकू बरामद किया गया और धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### खरोरा में दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के गुड़ी चौक में भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में पांच घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जहां मां दुर्गा की महाआरती भी हुई। संगठन के प्रमुख रंजीत चंद्राकर ने बताया कि समाज को नई दिशा दे रहे हैं। नशामुक्त, मांसाहारमुक्त व चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए सदमार्ग पर समाज को बढ़ा रहे हैं।

### विद्युत उपकरण सुधार के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण

**महासमुंद।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के 18 से 45 वर्ष के युवाओं के लिए घरेलू विद्युत उपकरण सुधार व चार पहिया वाहन का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### रेणु गोस्वामी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खम्हारमुड़ा निवासी रेणु गोस्वामी (60) का रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे रोमांतक गिरि की धर्मपत्नी, राहुल गिरि की मां तथा वंश गिरि की बड़ी माता थीं। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि , रामेंद्र प्रकाश गिरि, विजय पुरी, सुरेंद्र गिरि, ओमप्रकाश आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### कन्हाई मंदिर में अष्टमी पर हवन पूजन आज

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 2 में मां कुलदेवी कन्हाई परमेश्वरी माता मंदिर में 5 अप्रैल शनिवार अष्टमी पर सुबह माता श्रृंगार, 10 बजे हवन पूजन, कन्या भोज पश्चात माता प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा।

# अपने धर्म के प्रति सजग रहकर सनातन धर्म को बनाए रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

## धोबनी पंचायत के चितावरी मंदिर परिसर में आयोजित लोक कला मंच का कार्यक्रम में शामिल हुए शिवरतन

ग्राम पंचायत धोबनी में चैत्र नवरात्रि पर मां चितावरी मंदिर परिसर में लोक कला मंच का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने सर्वप्रथम अपने साथियों सहित मां चितावरी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमें अपने धर्म के प्रति सजग रहकर सनातन धर्म का सम्मान बनाए रखना होगा। साथ ही हमारे धर्म के विरोधियों को अब मूंह तोड़ जवाब देने की आवश्यकता है, तब जाकर हम अपने धर्म की रक्षा कर सकेंगे।



**ये हुए शामिल**

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, मडंल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा के सरपंच कमलेश साहू, बनसांकरा सरपंच राहुल ठाकुर, जनपद सदस्य सुरेश साहू, आनंद बंजारे, उमेश सायतोड़े, शरण साहू, हेमसिंह चौहान, मनोज चौबे, लखन साहू, अशोक साहू, हेमलाल साहू, प्रहलाद मिश्रा, केवल साहू, बलराम सिंह चौहान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भगवान राम के जीवन को आदर्श मानकर कार्य करने वाली पार्टी है।

जहां आम जनमानस तक विकास की गंगा कैसे पहुंचे इस ध्येय को लेकर कार्य करती है। आज महतारी वंदन योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिल रहा है, जो इस बात का प्रमाण है।

सरपंच संतोष साहू ने शिवरतन शर्मा के समक्ष धोबनी से ग्राम बनसांकरा तक सड़क निर्माण, ग्राम में नाली निर्माण एवं सामाजिक कार्य हेतु समरसता भवन की मांगें रखी, जिस पर श्री शर्मा ने कहा कि इन कामों को कराने का भरसक प्रयास करूंगा।

## प्रत्येक मंडलों में जोन प्रभारियों और सहप्रभारियों की घोषणा हुई

# स्थापना दिवस पर शुरू होगा जिला भाजपा सेवा पखवाड़ा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व ने आगामी 6 अप्रैल को अपने स्थापना दिवस पर सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरुआत करने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय सभागार में हुई, जहां अभियान 15 दिनों तक चलाने का निर्णय लिया गया, इसमें पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पहुंचेंगे। इस अभियान के दौरान, पार्टी के कार्यकर्ता अस्पतालों में मरीजों की सेवा करेंगे और विभिन्न जनहित कार्यों के लिए श्रमदान भी करेंगे। उक्त बैठक में प्रत्येक मंडलों में जाने प्रभारियों और सहप्रभारियों की घोषणा भी की गई।

इसके अलावा 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर प्रतिमा स्थल की साफ–सफाई कर वहां माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरण करने सहित पार्टी द्वारा तय कार्यक्रमों की जानकारी दी। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो और आमजन को भी शामिल होने प्रेरित करें।

भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा सेवा पखवाड़ा अभियान जनता और कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचने का एक बेहतर अवसर है। इसके माध्यम से हम ना केवल केंद्र व राज्य सरकारों की उपलब्धियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचा सकते हैं, बल्कि आम जनता से सीधे संवाद भी स्थापित कर सकते हैं।




**स्वच्छता अभियान चलाये**

बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने सेवा पखवाड़ा अभियान के संदर्भ में आवश्यक निर्देश देते हुए भाजपा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्र के गली–मोहल्लों, अस्पतालों और स्कूलों में स्वच्छता अभियान चलाने और कम से कम 10 हितग्राहियों से मुलाकात करने, शाम को चौपाल का आयोजन कर आमजन से सीधे संवाद स्थापित करने कहा।

# हथबंद में धूमधाम से मनी निषाद पंचमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

निषाद समाज द्वारा निषाद भवन में श्रीराम बाल्य सखा ऋग्वेरपूर महाराजा गुहा निषाद राज का जन्मोत्सव मनाया गया।

श्रीराम निषाद राज की मित्रता समर्पित गले लगे छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर समाज के जिलाध्यक्ष नारद निषाद, महासचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, क्षेत्रीय सरपंच संतुराम निषाद, सचिव तिहारुराम कैवर्त्य, गौंटिया भानु निषाद, शिक्षक फलेंद्र कैवर्त्य ने समाज के पूर्वजों पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष नारद निषाद ने बताया कि निषाद समाज आदिकाल से चारों युग में वर्णित है। त्रेतायुग में चैत्र शुक्ल पंचमीं को गुहा निषाद राजजी का जन्म उत्तरप्रदेश के श्रृंगवेरपुर में हुआ।

वे प्रभूराम के बाल्य सखा व अनन्य भक्त थे। समाज हित में चर्चा उपरांत प्रसाद वितरण कर समापन किया गया। इस कार्यक्रम की तैयारी नंदकिशोर निषाद ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से घनश्याम निषाद, देवीसिंह, रिंगीराम, कार्तिक, अमरसिंह, जागेश्वर, कोमल, दिलीप, भारतभूषण, विष्णु, धीरज, भूपेंद्र, पंचराम, हिरऊ, नरेंद्र, मयंक, गोपी, राकेश, विरेन्द्र निषाद आदि सामाजिक लोग उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने मरीजों को वितरित किए फूड बास्केट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्यपाल रमेन डेका ने गुरुवार को जिले के प्रवास के दौरान उपचाररत तीन टीबी के मरीजों को पोषण सहयोग बाबत फूड बास्केट प्रदान किया। उन्होंने मरीजों का कुशलक्षेम भी पूछा तथा उनके उपचार के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए उन्हें डॉट्स की दवा का पूरा कोर्स लेकर जल्द ठीक होने की शुभकामनायें दी। फूड बास्केट में मुख्यतः प्रोटीन आहार सम्मिलित होता है। ऐसे पोषण सहायता से मरीजों को रोग से लड़ने में मदद मिलती है। सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्ष्य निरामय अभियान सहित कई प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा मरीज को पोषण सहयोग प्रदान करने निक्षय पोषण योजना के तहत उन्हें प्रति माह एक हजार की सहायता राशि नगद खाते में ट्रांसफर की जाती है। टीबी मुक्त भारत का एक प्रमुख घटक टीबी मुक्त पंचायत भी है, जिसमें इस वर्ष जिले की 182 पंचायतें टीबी मुक्त हो गई हैं। इसके अतिरिक्त टीबी मुक्त भारत में समुदाय की सहभागिता एवं सहयोग के लिए निक्षय मित्र की अवधारणा भी प्रचलित है, जिसके तहत समाज का कोई सक्षम व्यक्ति निक्षय मित्र बन मरीज को पोषण सहायता प्रदान कर टीबी से लड़ने में मदद कर सकता है। जिले में टीबी रोग की जांच हेतु माइक्रोस्कोप द्वारा बलगम की जांच, एक्स-रे तथा जीन एक्सपर्ट मशीन की सुविधा उपलब्ध है, जो पूरी तरह से नि.शुल्क है। जांच में रोग पाए जाने पर डॉट्स के 6 माह के कोर्स से मरीज ठीक हो जाता है।



# सरपंच ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड के ग्राम गाड़ाभाठा में सरपंच नीलकंठ यादव ने आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में मौजूद बच्चों से बातचीत की और उनकी गतिविधियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महेश्वरी साहू, सहायिका संतोषी वर्मा, झालेन्द्र कश्यप, लोकेश बंजारे और लछू यादव उपस्थित रहे। सरपंच ने बच्चों को स्वच्छता, पोषण और नियमित उपस्थिति के महत्व को समझाया। उन्होंने केंद्र में मिलने वाले पोषण आहार की गुणवत्ता और वितरण प्रक्रिया की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।



# सड़क दुर्घटना में घायल स्वास्थ्य संयोजक ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम पंचायत कोलिहा निवासी एवं सारागांव बंगोली में पदस्थ 34 वर्षीय ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक हेमंत कुमार वर्मा 3 अप्रैल की दोपहर में सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसका इलाज खरोरा के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। रात करीब 8 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृत्यु होने की खबर लगते ही निज निवास ग्राम कोलिहा सहित आसपास के गांवों में मातम छा गया। उनका अंतिम संस्कार 4 अप्रैल को दोपहर में गांव के मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू सहित जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशांत यादव, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश वर्मा, जनपद सदस्य शिव वर्मा, घनाराम पटेल, हरीश कुमार साहू, दिनेश सांगले, कालिंद्री सोनवानी, घनश्याम वर्मा, अजय लहरे, पवन वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य कोमल वर्मा, नरेंद्र वर्मा, चूड़ामणि वर्मा, केशव वर्मा, पापू राम वर्मा, हरिकिशन वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य राजू युवति वर्मा, सुमेर वर्मा, सुरेश कुमार वर्मा, परसराम वर्मा, सुरीत कुमार वर्मा, लोमस वर्मा, महेश कुमार वर्मा, रामचंद्र वर्मा, तोष कुमार वर्मा, रूद्रशंकर वर्मा, किशोर कुमार वर्मा, योगेश्वर वर्मा, तुलाराम वर्मा, रवि नारायण वर्मा, दुर्गेश वर्मा, मोरध्वज वर्मा सहित सैकड़ों स्वजाति एवं स्नेहिजन उपस्थित थे।



# वंदना बनीं स्काउट्स एवं गाइड्स की आयुक्त

**बलौदाबाजार।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव की अनुशंसा पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्यालय आयुक्त गाइड के पद पर जिला बलौदाबाजार की सक्रिय जिला आयुक्त गाइड श्रीमती वंदना तिवारी की नियुक्ति की गई है। इस पर श्रीमती तिवारी ने राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी का आभार व्यक्त किया है। वंदना की नियुक्ति पर राज्य आयुक्त विजय केशरवानी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काऊट हिमांशु भारतीय, लीडर टेकृनर एवं पूर्व सहायक राज्य संगठन आयुक्त खोड़सराम कश्यप, जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, जिला सचिव जगदीश कुमार साहू, कीर्ति वर्मा, जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार, संगठन आयुक्त गाइड सुश्री नेहा उपाध्याय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मनीष बघेल, प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सुश्री रजनी कला पाटकर, विकासखंड सचिव धनेश्वर वर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



# गायत्री शक्तिपीठ में 20 ज्योति प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम स्थित गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि पर 20 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। हर वर्ष चैत्र और कुंवार नवरात्रि पर ज्योत प्रज्वलित किए जाते हैं, जिससे क्षेत्रीय लोग अध्यात्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होते हैं और अपनी मनोकामनाओं को सिद्ध करने का अवसर प्राप्त करते हैं।

इस अवसर पर गायत्री मंदिर में विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें लोगों को अध्यात्म से संबंधित जानकारियां दी जाती हैं। रामनवमीं के दिन 6 अप्रैल को मनोकामना ज्योति का विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन के समय एक कुंडी हवन भी किया जाएगा।

गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा विसर्जन के दिन निःशुल्क मुंडन संस्कार और अन्य धार्मिक संस्कार भी कराए जाएंगे। इस संस्कार में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

गायत्री मंदिर सुहेला के प्रमुख ट्रस्टी रोहित कुमार वर्मा ने बताया कि 30 मार्च ज्योत प्रज्वलित की गई और रामनवमी 6 अप्रैल के दिन पूर्णाआहुति होगी। इस बार भी मुंडन, नामकरण और पुंसवन संस्कार निःशुल्क कराए जाएंगे।






## महासमुंद में फिर धमके दो दंतैल

**महासमुंद।** बलौदाबाजार वन मंडल व लवन रेंज से निकलकर दो दंतैल बार अभ्यारण्य सड़क को पार कर वन मंडल महासमुंद के ग्राम बोरिद के खेत में प्रवेश किया है। जिससे ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग की टीम ने आधे दर्जन से अधिक गांवों में मुनादी कराकर जंगल की ओर जाने के लिए मना किया है। बता दें कि इससे पूर्व एक दंतैल 23 मार्च को कोठारी और बार नवापारा के जंगल से निकलकर महासमुंद वन मंडल के ग्राम सोरिद में विचरण कर रहा था जो बाद में वापस चला गया। लंबे समय बाद वन मंडल महासमुंद में फिर एक बार हाथियों के पहुंचने से फसल नुकसान और जनहानि की संभावना बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार दो दंतैल गुरुवार रात जिला बलौदा बाजार वन मंडल और लवन रेंज से निकल कर बरबसपुर से बार सड़क को पार कर वन मंडल महासमुंद के ग्राम बोरिद के खेत में प्रवेश किया। बाद दोनों हाथी खेत से निकल कर वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 181, 174, 173, 175, 172 के जंगल में प्रवेश किया। आज सुबह दोनों हाथियों का लोकेशन कक्ष क्रमांक 173, 174, 175 के जंगल में ट्रेस हुआ है इनके कक्ष क्रमांक 176, 133 में आगे बढ़ने की संभावना है।

## पेज 9 के शेष

### शिक्षक संघ ने ...

सचिव राजेश कुमार सिंह, तिल्दा अध्यक्ष बलराम यदु, अभनपुर अध्यक्ष सुखदेव साहू, आरंग अध्यक्ष विजय कुमार चंद्राकर, धरसीवा अध्यक्ष ज्ञानेश्वर वर्मा, सह सचिव नीरज गुप्ता, उपाध्यक्ष अतुल मिश्रा, गिरधर साहू, नरेंद्र मेश्राम, केशव बंदे आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

### शराब दुकान का...

धारा 78 किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहन टंडन 25 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा उक्त अपचारी बालक को यह जानते हुए भी कि वह नाबालिग है, पैसे का लालच देकर अवैध रूप से शराब बिक्री कार्य में संलिप्त करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**अधिकारी एवं प्लेसमेंट एजेन्सी की भूमिका संदेहास्पद :** गौरतलब है कि प्रकरण में आरोपी शासकीय मदिरालय रवान में मैनेजर के रूप में कार्यरत रोहन टंडन को इसके पूर्व भी थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार द्वारा धारा 34(02) आबकारी एक्ट एवं धारा 294, 506, 323, 34, 325 भादवि के मामलों में भी गिरफ्तार किया गया था, बावजूद प्लेसमेन्ट एजेन्सी द्वारा उसे पुनः शासकीय मदिरालय रवान में मैनेजर बनाकर नौकरी दी गई। इसकी जानकारी होने के बावजूद आबकारी विभाग द्वारा प्लेसमेन्ट एजेन्सी को छूट दे दी गई।

### हाथियों की दस्तक ...

से गुफा मार्ग को समिति की ओर से पूर्णतः बंद किया गया है। साथ ही बरबसपुर मार्ग से आना जाना बंद है व सूचना पटल रास्तों में टांगा गया है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि हाथी विचरण क्षेत्र होने के कारण श्रद्धालु समय को ध्यान में रखते हुए सुबह 8 बजे के बाद से शाम 4 बजे तक प्रवेश करेंगे। रवान, रायतुम मार्ग से ही गुफा पहुंचना है, गुफा में जाने से पहले वाहन, आदमी की संख्या, आने वाले दिन की जानकारी समिति के सदस्यों को बताकर प्रवेश करेंगे, ताकि हाथी विचरण करने की जानकारी बताई जा सके।

HEALTH TOWN
K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### गौटीन दाई मेला का समापन आज

**गोपालपुर।** इस वर्ष भी सेमरिया में 3 से 5 अप्रैल तक तीन दिवसीय मेल जारी है, जिसका समापन आज होगा। इसमें आस पास के श्रद्धालुओं ने गौटीन दाई के मेला में जाकर अपना माथा टेक मनोकामना पूर्ण होने की मन्नत मांगी। इस पावन पर्व पर नवरात्रि गीत चल रहा है, इसमें आस पास के कलाकार बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

### भावेश का एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयन



**मुंडा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल ओड़ान में पांचवी कक्षा के भावेश कुमार पैकरा का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान में हुआ है। चयन पर पिता संजय कुमार पैकरा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक रोहांसी, माता उषादेवी पैकरा सहित रामनारायण यादव अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति धमनी, मितानिन लछनी बाई यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए स्कूल के सभी अध्यापकों के प्रति आभार प्रकट किया।

### आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4–4 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6–4 के तहत 2 अप्रैल को यह स्वीकृति प्रदान की। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में गोकुल पटेल पिता स्व. सम्पतराम पटेल, निवासी ग्राम पुलेनी, तहसील टुण्डरा एवं कीर्तन पैकरा पिता स्व. पवन कुमार, निवासी ग्राम खोसड़ा, तहसील सोनाखान शामिल हैं। पीड़ितों के निकट परिजनों के नदी के पानी में डूबने एवं सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### खेत से मुरूम निकाल रहे व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** खेत से मुरूम निकाल रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना हो गई। बसना पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को बड़ेटेमरी निवासी व चौकीदार राधेश्याम देवता ने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व कुदरी खार के अपने खेत के मुरूम को जेसीबी मशीन से निकलवाया था। उस खेत को ग्राम डुमरपाली के अर्जुन डडसेना द्वारा मेरा खेत है मुरूम क्यों निकाले हो कहते हुए फोन कर प्रार्थी को बुलाया। जब प्रार्थी पहुंचा तो आरोपी अर्जुन डडसेना गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे लकड़ी के डंडे मारा। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# संयंत्र ने मध्यान्ह भोजन के लिए स्कूलों को दी 580 थाली और 8 नग बाल्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड सीएसआर कुकुरदी के इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी के दिशा-निर्देश में करमनडीह एवं पिपराही प्राथमिक शाला तथा ढनढनी व कुकुरदी में प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में मध्यान भोजन के लिए 580 नग थाली एवं गिलास व 8 नग बाल्टी प्रदान की। शासन एवं प्रशासन द्वारा मध्यान भोजन संचालन का मूल उद्देश्य प्राथमिक कक्षा के बच्चों को गर्म भोजन उपलब्ध कराना है, साथ ही बच्चों के पोषण की स्थिति में सुधार लाना, गरीब बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना, नियमित रूप से बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करना, शिक्षा के स्तर में सुधार के साथ–साथ बच्चों में आपसी जुड़ाव को बढ़ावा देना है। इन्हीं प्रयासों को सफल बनाने पंचायत एवं स्कूल की मांग पर बर्तन प्रदान किया गया है। पिपराही सरपंच माहेश्वरी वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि राकेश वर्मा, प्रधान पाठक मोहित वर्मा, ढनढनी सरपंच प्रतिनिधि रंजीत ध्रुव, उप सरपंच भूपेंद्र साहू, प्रधान पाठक बीआर ध्रुव, कुकुरदी सरपंच टिकेश्वर ध्रुव, उप सरपंच डोमार साहू व प्रधान पाठक राजेंद्र वर्मा ने कहा कि यह सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अल्ट्राटेक प्रबंधन के सहयोग के लिए उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ई.आर. अधिकारी अरुण पाठक, सीएसआर से दया वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गरीब बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना



### बच्चों को मेहनत करने की दी सलाह

कार्यक्रम में मानव संसाधन प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह ने बच्चों को सामग्री प्रदान किया व मन लगाकर पढ़ाई करने व हमेशा प्रयास करते रहने कहा। साथ ही बच्चों को शिक्षकों से हमेशा सवाल कर सीखने के लिए कहा व संक्षिप्त कहानी के माध्यम से पढ़ लिखकर बड़ा नाम करने प्रेरित किया।

सीएसआर प्रमुख राजेंद्र कुशवाहा ने बच्चों को पढ़ाई द्वारा अपने सपनों को साकार करने की बात कही एवं मेहनत करने की सलाह दी।

## समीक्षा : नपा अध्यक्ष ने समीक्षा बैठक में वार्ड और निर्माण कार्यों पर चर्चा की

# अपने दायित्वों पर खरा उतरें अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगरपालिका सभाकक्ष में कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा के साथ परिचय बैठक का आयोजन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुये दिये गये दायित्वों व कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने दायित्व का निर्वहन पूरी तत्परता से करें। समीक्षा के दौरान अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा उप अभियंताओं को दिये गये वार्ड में कार्य एवं निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा की, इसके साथ ही राजस्व वसूली, सफाई कार्य, स्थापना, दीनदयाल अंत्योदय, वाहन व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, कर्मचारी संख्या व मणिकंचन केन्द्र की व्यवस्था पर चर्चा करते हुये विभाग प्रमुख से विभागवार कार्यों की जानकारी ली। उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले, पार्षद जितेन्द्र डड़सेना, मनोजकांत पुरेना, शशिभूषण शुक्ला एवं गौतम चौहान उपस्थित थे।

आहुत परिचय एवं समीक्षा बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई, लेखापाल दुर्गेश साहू, उप अभियंता विनोद यादव, कमलेश्वरी गुरुपंचायन, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, राजस्व प्रभारी प्रशुन शर्मा, गणेशराम पाड़े, अमित वर्मा, शतेन्द्र सिन्हा, तुलसी राम यादव, राजेश यादव, सुरेन्द्र सोनी, रामनरेश मतावले, संजय कुमार साहू, मुकेश लहरे, संदीप कुर्रे, गैंद कुमार विश्वकर्मा, किशोर यादव, कैलाश सोनी, कृष्ण कुमार गेण्डरे, त्रिनेक नायक, नंदकिशोर नेताम, रजनीश मिश्रा, सालिकराम वर्मा, विजय पाड़े, विशाल पाड़े, दीपक टण्डन, राजू घृतलहरे, समीम खान, प्रीति ठाकुर, दीपिका बंजारे, इंदू साहू, सुनीता साहू, सुभाशिनी शेन्द्रे एवं गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।




### तीर्थ यात्रियों ने प्रदेश सरकार की व्यवस्थाओं को सराहा

**बलौदाबाजार।** नगरपालिका द्वारा शासन की महत्वपूर्ण तीर्थयात्रा योजना के अंतर्गत 16 तीर्थ यात्रियों को 27 मार्च से 3 अप्रैल तक यात्रा में प्रस्थान कराया गया था। तीर्थयात्रा से वापसी उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा एवं मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन से मुलाकत कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि तिरूपति, मदुरै एवं रामेश्वर की यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। शासन द्वारा अच्छी व्यवस्था प्रदान की गई है। नगर बलौदाबाजार के कृपाराम साहू, संतुराम साहू, चंद्रकला वर्मा, नीरा बाई वर्मा, राम प्यारी फेकर, रामकली वर्मा ने अध्यक्ष अशोक जैन से अध्यक्ष कक्ष में चर्चा एवं मुलाकात कर सुविधा जनक यात्रा को अत्यंत सुखद व शासन की योजनाओं की सराहना की। तीर्थयात्रा के लिये धनेश्वरी वर्मा द्वारा तीर्थ यात्रियों के आवेदन पत्र जमा कर हितग्राही उपलब्ध कराये गये थे। इस दौरान उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले, पार्षद कन्हैया सेन, शशिभूषण शुक्ला सहित अन्य नगरवासी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



### गर्मी के मौसम में पेयजल के लिये व्यवस्था बनाये रखे

नगरपालिका अध्यक्ष ने कर्मचारियों से आयोजित परिचय एवं समीक्षा बैठक के दौरान चर्चा करते हुए कहा कि नगर आम जनता के हित में जो भी कार्य होगा वह प्राथमिकता के साथ करने के साथ–साथ परिषद के सम्मान्नीय पार्षदगणों का सम्मान किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही नगरवासियों को भी कार्यालय में सम्मान मिलना आवश्यक है। वसूली की जानकारी व निर्माण कार्यों की सूची के साथ–साथ उपलब्ध स्टॉक में सामग्री की जानकारी चाही गई व गर्मी के मौसम में पेयजल के लिये व्यवस्था बनाये रखे, जिससे वार्डवासियों को कोई परेशानी न हो।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर नहीं लग रही रोक

हरिभूम न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



धरती और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक बैग का प्रचलन इस हद तक बढ़ गया है कि सरकार द्वारा ऐसे प्लास्टिक के निर्माण, भण्डारण और बिक्री से लेकर उपयोग करने तक पर प्रतिबंध लगा देने के बावजूद बाजार में इसका धडल्ले से उपयोग जारी है।

- व्यापारी और आमजन धड़ल्ले से कर रहे उपयोग

ग्राहक सामान खरीदने बाजार जाते वक्त अक्सर थैला लेकर नहीं जाते हैं। वहीं खाद्य सामग्रियों की बिक्री भी प्रतिबंध के बावजूद प्रतिबंधित प्लास्टिक के छोटे पाऊच में निर्माताओं द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है। सरकार द्वारा प्लास्टिक पर लगाये गये बेन की परवाह दुकानदार एवं ग्राहक को नहीं है। वहीं सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक वाले आदेश का शक्ति से पालन कराने के लिए जिलाधिकारी एवं नगरपालिका, नगरपंचायतों के अधिकारियों को दिये गये निर्देश का भी उन पर असर नहीं दिख रहा है।

इसी तरह, यह जल प्रदूषण का भी कारण बनता है। लोग लापरवाही से सड़कों, नालों और नदियों में बैग फेंक देते हैं, जिससे वे जल निकायों में चले जाते हैं। हवाएं उन्हें अपने साथ बहा ले जाती हैं और कभी–कभी जानबूझकर पानी में डाल दी जाती हैं। यह प्लास्टिक बैग पानी में गहराई तक चले जाते हैं और जलीय जीवन को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

### सिंगल यूज प्लास्टिक वाले बैग का उपयोग बंद हो

प्लास्टिक बैग को नकारने के कई कारण हैं। हमें अपने पर्यावरण को बेहतर बनाने और इसे क्षरण से बचाने के लिए इनका उपयोग बंद कर देना चाहिए। प्लास्टिक बैग के उपयोग को रोकने के लिए कई पर्यावरण–अनुकूल विकल्प हैं जिनका उपयोग किया जा सकता है। सबसे पहले, प्लास्टिक बैग प्लास्टिक प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत हैं। चूंकि वे गैर–बायोडिग्रेडेबल हैं, इसलिए उन्हें विघटित होने में कई साल लगते हैं। वे बहुत सारे कचरे का योगदान करते हैं जो वर्षों तक इकट्ठा होता रहता है। प्लास्टिक को टूटने और विघटित होने में हजारों साल लगते हैं। यह जमीन में रहता है जो भूमि प्रदूषण की बढ़ती समस्या में योगदान देता है।

# भक्तों के कष्टों और विपत्ति को दूर करती हैं माता भगवती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

चैत्र नवरात्रि पर दिव्या संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत का आयोजन नगर खरोरावासियों के सहयोग से वार्ड 7 में हो रहा है। इसमें मुख्य अजमान तोरण ठाकुर उनकी पत्नी मंजू ठाकुर विराजमान होकर के दिव्या भाव से कथा अमृत का श्रवण पान कर रहे हैं। व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य शशांक शुक्ला ने मां भगवती की विविध कथाओं के माध्यम से भक्तों को मां भगवती से जोड़ने का प्रयत्न कर रहे हैं। मां भगवती अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं, जब–जब भक्तों पर कष्ट आता है, विपत्ति आती है मां भगवती उन विपत्तियों को हर लेती हैं। मां भगवती शुंभ और निशुंभ का मर्दन करने वाली है। मां भगवती महिषासुर मर्दिनी मैया है। मां भगवती महिषासुर के मर्दन करने के लिए 18 भुजाओं वाली बनकर महिषासुर का वध की है और मां भगवती महिषासुर के वध के पश्चात चौतुरगढ़ में जाकर के विश्राम की है। आज भी चौतुरगढ़ में मां भगवती का दिव्या मंदिर है। मां भगवती के दर्शन करने से भक्तों का संपूर्ण मनोकामना पूर्ण होती है। सप्तम दिवस के दिन मां भगवती भद्रकाली मैया का पूजन किया जाता है, जिस मां भगवती काली सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं और दुष्टों का संघार करती हैं। भक्तों का उद्धार करती हैं। गृह जनित समस्त बाधा दूर हो जाती है। घर में किसी भी प्रकार की क्लेश हो मां भद्रकाली मैया की उपासना से गृह क्लेश समाप्त हो जाता है। सप्तमी की रात्रि को काली मैया की दिव्या तंत्र विधि से भी पूजा होती है। अगिभय जल भय जंतु है, शत्रु भय से मुक्ति हो जाती हैं। मां कालरात्रि के स्वरूप विग्रह को अपने हृदय में अवस्थित कर मनुष्य को एक निष्ठ भाव से उनकी उपासना करनी चाहिए। यह नियम संयम का उसे पूर्ण रूप से पालन करना चाहिए। मन वचन काय की पवित्रता रखनी चाहिए, वह शुभंकरी देवी उनकी उपासना से। हमें निरंतर उनका ध्यान स्मरण और पूजन करना चाहिए।

- चैत्र नवरात्रि पर नगर में देवी भागवत कथा जारी










